मुंबई : स्पाइना बिफिडा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मुंबई में शिवर 30 जनवरी को

आर्यावर्त डेस्क 5 days ago देश, स्वास्थ्य,

मुंबई: महाराष्ट्र के साथ देशभर में स्पाइना बिफिडा (जन्मदोष) बिमारी के मामले बढ रहे हैं। यह कोई अनुवांशिक बिमारी नही हैं। बल्कि गर्भावस्था के शुरू में माताओं में फोलिक एसिड की कमी के कारण बच्चे को यह समस्या होती हैं। लिलावती अस्पताल के सलाहकार बाल चिकित्सा सर्जन डॉ. संतोष करमरकर ने कहा कि , "स्पाइना बिफिडा रीढ़ की हड्डी का एक जन्म दोष है जो बचपन में पक्षाघात (पोलियो से भी बदतर) का कारण बनता है, और भारत में हर साल 50000 से अधिक बच्चे इस जन्म दोष के साथ पैदा होते हैं। लीलावती अस्पताल के सलाहकार कार्डियोवास्कुलर सर्जन और मुख्य परिचालन अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ) वी रविशंकर ने कहा,"लीलावती अस्पताल बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग ने स्पाइना बिफिडा के सैकड़ों मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज किया है। इतना ही नहीं बल्कि 30 जनवरी को लीलावती अस्पताल में स्पाइना बिफिडा फाउंडेशन के साथ बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग द्वारा विनामूल्य शिविर का आयोजन किया है।